## श्री मो0 मुर्शिद आलम, माननीय स०वि०स० से प्राप्त निवेदन सं0-24/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| निवेदन | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के बगधरा ग्राम पंचायत के बगधरा ग्राम के निकट बकरा नदी द्वारा भयंकर कटाव किया जा रहा है, जिससे दर्जनों परिवारों के घर नदी में समाहित हो गये हैं। विभाग से अनुरोध करने के बावजूद उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य नहीं कराया गया है।<br><br>अतः मैं उक्त ग्राम के निकट कटाव निरोधक कार्य कराने हेतु निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के प्रश्नगत बगधरा ग्राम बकरा नदी के बायें तट पर अवस्थित है।<br><br>प्रश्नगत स्थल के समीप नदी तट से बसावट की औसतन दूरी 95 है। आसन्न बाढ़ अवधि के दौरान नदी के जलस्तर में कमी-बढोतरी होने के कारण नदी तट का आंशिक क्षरण हुआ है, परन्तु आबादी प्रभावित नहीं है। वर्तमान में स्थल सुरक्षित है। विगत वर्षों में भी स्थल सुरक्षित रहा है।<br><br>आसन्न बाढ़ अवधि के दौरान प्रश्नगत स्थल पर निगरानी रखी जा रही है। कटाव होने पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल सुरक्षित रखा जायेगा।<br><br>बाढ़ 2026 के दौरान नदी के आक्राम्यता के आधार पर आवश्यकतानुसार बाढ़ 2027 पूर्व कटाव निरोधक कार्य का स्वरूप निर्धारण करते हुए कार्यान्वयन कराया जायेगा।<br><br>प्रश्नगत स्थल के समीप नदी से कटाव के कारण घर नदी में समाहित होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(क0)–03–09/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–700 दिनांक–21.04.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–24/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–09 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–09 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–09 / 2026– 3634 पटना, दिनांक– 13/08/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.08.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव